No. of Printed pages:2

INDIAN SCHOOL SOHAR **SET-1**
PERIODIC TEST-1 (2022-23)
HINDI (COURSE-B)
SUBJECT CODE-085

CLASS: IX **MAX. MARKS:20**
DATE: 19/05/2022 **TIME: 45 MINUTES**

सामान्य निर्देश :
*** इस प्रश्न-पत्र में कुल तीन खंड हैं – खंड 'क' और 'ख'।**
*** कुल प्रश्नों की संख्या आठ है।**
*** दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**
*** प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।**

खंड-क
(अपठित बोध)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

सत्य की बड़ी महिमा है। मनुष्य को अपने वास्तविक विश्वासों को प्रकट करने का साहस होना चाहिए। भय अथवा खुशामद के लिए झूठ बोलना निंदनीय कार्य है। चरित्रवान मनुष्यों के लिए यह गुण अत्यंत आवश्यक है। कुछ लोग लालच में पड़कर अपनी उम्रभर की सारी तपस्या खो बैठते हैं। जो लोग स्वयं लालच में नहीं पड़ते, उन्हीं की बात का असर होता है। संसार में दूसरों को उपदेश देने में कुशल लोगों की कमी नहीं है , पर कर्त्तव्यपरायण लोगों की कमी है। उसी कारण संसार की सुंदर-से-सुंदर योजनाएँ निष्फल हो जाती हैं। जो लोग विपत्ति आने पर भी विचलित नहीं होते, प्रलोभनों के जाल में नहीं फँसते और अपने ध्येय की पूर्ति के लिए अपने हानि-लाभ का ख्याल नहीं करते, वे ही सच्चे कर्त्तव्यपरायण समझे जाते हैं। उन्हीं का समाज में आदर होता है। ये सब गुण अभ्यास से ही प्राप्त हो सकते हैं ।

प्रश्न –

(i) चरित्रवान लोगों के लिए कौन-से गुण आवश्यक हैं ? **1**
(ii) कर्त्तव्यपरायण व्यक्ति की क्या विशेषता है ? **1**
(iii) संसार की सुंदर-से-सुंदर योजनाएँ निष्फल हो जाती हैं। क्यों ? **1**
(iv) किन लोगों की बातों से दूसरे प्रभावित होते हैं ? **1**
(v) किस प्रकार के कार्य को निंदा करने योग्य माना गया है ? **1**

(व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न-2. अनुस्वार युक्त सही शब्द है - **1**

(क) सरंचना (ख) मंगल
(ग) आँकाक्षा (घ) जगंम

प्रश्न-3. अनुनासिक युक्त शुद्ध शब्द कौन-सा है ? **1**

(क) डॉक्टर (ख) जाँए

(ग) आँधी (घ) अँगद

प्रश्न-4. निम्नलिखित में से किस शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग हुआ है ? **1**

(क) व्यंजन (ख) व्यँजन

(ग) व्यग्यं (घ) सवांद

प्रश्न-5. ……….में प्रयुक्त होते ही शब्द …………बन जाते हैं। रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प होगा - **1**

(क) वर्ण, वाक्य (ख) वाक्य, वर्ण

(ग) पद, वाक्य (घ) वाक्य, पद

प्रश्न-6. 'तुम्हें यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता होगी।' वाक्य में कितने पद हैं ? **1**

(क) छह (ख) पाँच

(ग) चार (घ) तीन

खंड-ख

(साहित्य)

प्रश्न-7. प्रथम पद में कवि रैदास ने चकोर पक्षी की क्या विशेषता बताई है ? **1**

प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए -

(क) कवि रैदास ने दूसरे पद में अपने आराध्य देव की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? **3**

(ख) पुत्र-वियोगनी संभ्रांत महिला की दशा का वर्णन कीजिए। **3**

(ग) लेखक यशपाल जी ने मनुष्य के जीवन में पोशाक की महत्ता के विषय में क्या बताया है ? **3**

****